प्रेस नोट जनपद फतेहपुर
दिनांक 10.09.2025
पुलिस मुठभेड़

इंटेलीजेंसविंग,एसओजी व थाना असोथर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा हत्या के अभियोग में प्रकाश में आया वांछित अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस, एक मोबाइल, मृतक की मोटर साइकिल विक्की(TVS) व 4270/- रुपये बरामद ।

संक्षिप्त विवरण- पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री अनूप कुमार सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर व क्षेत्राधिकारी थरियांव के कुशल पर्यवेक्षण मे इंटेलीजेंस विंग,एसओजी व थाना असोथर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कल दिनाँक-09.09.2025, को थाना असोथर पर पंजीकृत हत्या के अभियोग मु0अ0सं0184/2025 धारा 103(1)/309(6)/3(5) बीएनएस में विवेचना प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त की तलाश हेतु ग्राम मनावा क्षेत्रांतर्गत सरकंडी रोड नहर पुलिया के निकट संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया को पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति विक्की छोड़कर नहर पुलिया की तरफ भागने लगा तथा स्वयं को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से लक्ष्य कर फायर करने लगा कि आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में व्यक्ति के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया । जिसकी पहचान वांछित अभियुक्त विजय तिवारी उर्फ पुत्तू पुत्र रामकिशोर तिवारी निवासी गढ़ी मोहल्ला कस्बा असोथर थाना असोथर जनपद फतेहपुर उम्र लगभग 28 वर्ष के रूप में हुई। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस ,एक मोबाइल, मृतक की मोटर साइकिल विक्की(TVS) व 4270/- रुपये बरामद हुए । अभियुक्त विजय तिवारी उर्फ पुत्तू को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। अभियुक्त विजय तिवारी उर्फ पुत्तू उपरोक्त के विरूद्ध स्थानीय थाना असोथर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 109/317(3) बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम की बढ़ोत्तरी कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है।

घायल/गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पताः--

1. विजय तिवारी उर्फ पुत्तू पुत्र रामकिशोर तिवारी निवासी गढी मोहल्ला कस्बा असोथर थाना असोथर जनपद फतेहपुर उम्र लगभग 28 वर्ष ।

बरामदगी का विवरणः-

1. एक अदद देशी तमंचा 315 बोर
2. दो अदद खोखा कारतूस 315 बोर
3. 01 अदद मोबाइल
4. मृतक की गाड़ी विक्की T.V.S मोपेड नं0 UP71AQ1236
5. 4270/- रूपये नगद बरामद

गिरफ्तारी करने वाली टीम--

A- गिरफ्तार करने वाली टीम थाना असोथर

1. थानाध्यक्ष अभिलाष तिवारी थाना असोथर
2. वरिष्ठ उप निरीक्षक सुनील कुमार यादव
3. उप निरीक्षक अंकुश यादव
4. मुख्य आरक्षी सुखवीर सिंह
5. आरक्षी बीकेश कुमार

B. प्रभारी निरीक्षक सर्विलांस सेल श्री तारा सिंह मय टीम

C- गिरफ्तार करने वाली टीम SOG –

1. निरीक्षक श्री विनोद कुमार यादव प्रभारी एसओजी
2. मुख्य आरक्षी अनिल सिंह
3. का0शैलेन्द्र कुमार कुशवाहा, 4. का0 विपिन कुमार मिश्रा, 5. का0 अतुल त्रिपाठी, 6.का0 अभिमन्यु सिंह पटेल, 7.का0 बृजेश कुमार पाल, 8 का0 अमन सिंह, 9.का0राहुल कुमार

D- गिरफ्तार करने वाली टीम इन्टेलीजेन्स–

1. उ0नि0 श्री विनोद मिश्रा प्रभारी इन्टेलीजेन्स विंग
2. का0 विकास कुमार, 3. का0 पवन चौधरी, 4. का0 प्रमोद कुमार, 5. का0 विवेक कुमार 6. का0 रामसिंह पटेल

सोशल मीडिया सेल

जनपद फतेहपुर